दिनांक 9 नवंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्मृति नगर में 51.36 लाख की लागत से निर्माण हो रहा है टेनिस कोर्ट , निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 स्मृति नगर के सड़क नंबर 28 एवं 29 के मध्य निर्माणाधीन टेनिस कोर्ट का निरीक्षण आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया। उन्होंने एनआईटी के आधार पर टेनिस कोर्ट को मूर्त रूप देने अधिकारियों को कहा है, आयुक्त ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। 1620 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल मे टेनिस कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है यह दो पार्ट में विभक्त रहेगा तथा इसी परिसर में चेंजिंग रूम भी बनाया गया है जोकि महिला एवं पुरुष दोनों के लिए होगा। स्मृति नगर के निवासियों की मांग पर टेनिस कोर्ट का निर्माण किया जा रहा है , जिसका कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है कुछ कार्य शेष रह गए हैं जिसे पूरा किया जाना है , निगमायुक्त ने बचे हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश नेहरू नगर जोन के अधिकारियों को दिए हैं। खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए टेनिस कोर्ट का निर्माण हो रहा है। इस मैदान का उपयोग अब खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं को निखारने में कर सकेंगे। जिमनास्टिक के कुछ खिलाड़ियों ने बताया कि पहले हमें अन्यत्र स्थानों पर खेलने के लिए जाना पड़ता था परंतु अब स्मृति नगर में खेल की सुविधा मिलने से यहां अच्छे से अभ्यास कर सकेंगे। शहर में बहुत प्रतिभावान खिलाड़ी है , जिन्हें इसका फायदा मिलेगा।

जनसंपर्क अधिकारी